VENUS WORLD SCHOOLS

Academic Session-2021-22

SA-1

Grade –VII	**Time – 2 hrs**
Sub – Hindi	**Max Marks- 50**

१ सभी प्रश्न आवश्यक है ।   २. सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।

खंड – क

प्र.१ला. अ) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे   अंक – ५

मधुभाषी के लिए संसार की कोई वस्तुप्राप्त करना कठिन नहीं है । वह समय पर शासन करता है , परिस्थितियों को अनुकूल मोड देता है और अपने आस – पास के वातावरण को सहज और खुशनुमा बना देता है | मधुर वचन ऐसा वशीकरण मंत्र है जिससे शत्रु भी मित्र बन जाते हैं | कटुभाषी सर्वत्र निंदा का पात्र बनता है | कभी किसी को अपना नहीं बना पाता | एक दुखी और निराश व्यक्ति पर मधुर वचनों का जादुई असर होता है | मीठे बोल हताशा को दूर कर नव प्रेरणा प्रदान करते हैं | विनम्रता और मधुर वचन चरित्र के ऐसे आवश्यक गुण हैं जो मनुष्य के व्यक्तित्व में आकर्षण , कोमलता और विशेषता प्रदान करते है |

१. किसके लिए संसार की कोई भी वस्तु प्राप्त करना कठिन नहीं हैं ?

२. मधुभाषी अपने आसपास के वातावरण को कैसा बना देता है ?

३. मधुर वचनों का जादुई असर किस पर होता है ?

४. ' कटुभाषी ' शब्द में कौन – सा उपसर्ग है ?

५. उपयुक्त गद्यांश का उचित शीर्षक चुनिए |

ब) निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे   अंक – ५

समय बहुत ही मूल्यवान है ,

व्यर्थ कभी मत खोना ।
चला गया तो समय लौटकर ,
कभी नहीं फिर आता ।
धन खो जाता ,
श्रम करने से फिर मनुष्य है पाता ।
विदया खो जाती ,
फिर भी पढने से है आ जाती ।
लेकिन खो जाने से ,
मिलती नहीं समय की पाती ।

१.कवि किसको व्यर्थ में खोने के लिए मना कर रहा है ?
२.विद्या कैसे प्राप्त होती है ?
३.लौटकर वापिस क्या नहीं आता है ?
४.पद्यांश का एक सुंदर शीर्षक लिखिए ।
५.प्रस्तुत पद्यांश में किसके महत्व की बात की जा रही है ?

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । अंक – ५

१. चिडिया की माँ उसकी बाट क्यों देखती है ?

२. पहाड को किस रूप में दर्शाया गया है ?

३. लडकी किसके हाथों से बच गई ?

४. ब्लड – बँको में रक्त कहाँ से आता है ?

५. मिठाईवाला अब अकेला क्यों रहता था ?

प्र.२रा. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो – तीन वाक्य में लिखिए | (किन्ही -३) अंक – ६

१. पांडवो को वारणावत भेजने में दुर्योधन की क्या योजना थी ?

२. द्रौपदी – स्वयंवर में कौन – कौन मुख्य प्रतिभागी थे ?

३. मिठाईवाला अलग – अलग चीजें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था ?

४. लाल ताऊ किस प्रकार बाकी पात्रों से भिन्न है ?

ब) वाक्यांशो का अर्थ स्पष्ट किजिए | **अंक – ५**

१. ' बहुत दिन हुए / हमें अपने मन के छंद छुए | '

२. आकाश का साफा बाँधकर सूरज की चिलम खींचता बैठा है पहाड ,

क) नीचे दो स्वतंत्रता आंदोलनों के वर्ष दिए गए हैं | इन दोनों आंदोलनों के दो – दो स्वतंत्रता सेनानियों के नाम लिखिए - **अंक – ४**

१.सन १८५७ २ . सन १९४२

खंड – ख

प्र.३ रा अ) दिए गए सर्वनामों का वाक्यों में प्रयोग प्रयोग करें **अंक - ३**

१. अपने आप -

२. कोई – न – कोई -

३. सब कोई -

ब) निम्नलिखित प्रत्ययो से बननेवाले दो – दो स्त्रीलिंग शब्द लिखों - **अंक – ५**

१. आनी - २. इया ३. आइन ४. इनी ५. इन

क) दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाएँ - **अंक – ४**

१. बच्चा २ . पशु ३. मोटा ४. समीप

प्र.क्र.४ था अ) दिए गए किसी एक विषय पर निबंध लिखिए - **अंक – ४**

१. प्रदूषण की समस्या २. समाचार पत्रों की उपयोगिता

ब) किसी एक विषय पर पत्रलेखन लिखिए – **अंक – ४**

आपके विद्यालय में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया | इसका वर्णन करते हुए अपनी माता जी को पत्र लिखें |

अथवा

कॉलोनी में गंदगी के संबंध में दिल्ली नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को शिकायती पत्र – लिखिए –